

# विद्युत सप्लाई नहीं होने से नल-जल योजना प्रभावित

**जतारा क्षेत्र के ग्राम पंचायत किटाखेरा के ग्रामीण परेशान**

**विद्युत लाइन के खंभे टूट जाने की ग्रामीणों ने की शिकायत**

**नवभारत न्यूज, जतारा।**
**तहसील जतारा अंतर्गत ग्राम पंचायत किटाखेरा-गांधीग्राम में नल-जल योजना की विद्युत सप्लाई पिछले लगभग एक माह से बंद पड़ी हुई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार विद्युत लाइन के खंभे टूट जाने के कारण योजना पूरी तरह ठप हो गई है और गांव में पेयजल संकट गहराता जा रहा है।**

ग्रामीणों का आरोप है कि टूटे हुए विद्युत खंभों को बदलने के लिए जूनियर इंजीनियर सहित संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत और आग्रह किया जा चुका है, लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों की लापरवाही के चलते नल-जल योजना शुरू नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत किटाखेरा-गांधीग्राम आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां अधिकतर गरीब परिवार निवास करते हैं। नल-जल योजना बंद




होने से ग्रामीणों को दूर-दराज के जल स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द विद्युत लाइन के टूटे खंभों को बदलकर नल-जल योजना चालू कराई जाए, ताकि लोगों को पेयजल संकट से राहत मिल सके। जतारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत किटाखेरा-गांधीग्राम में नल-जल योजना पिछले करीब एक माह से बंद पड़ी हुई है। योजना की विद्युत सप्लाई बाधित होने से पूरे गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली लाइन के खंभे टूट जाने के कारण मोटर और पंप चालू नहीं हो पा रहे हैं, जिससे गांव के घरों तक पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है।ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों, जूनियर इंजीनियर और पंचायत प्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद विभागीय अधिकारी केवल आश्वासन देते रहे, जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है।गांव के लोगों ने बताया कि नल-जल योजना बंद होने के कारण उन्हें अब दूर-दराज के हैंडपंपों, कुओं और अन्य जल स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच पानी की व्यवस्था करना ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को झेलनी पड़ रही है, जिन्हें रोजाना कई किलोमीटर दूर जाकर पानी भरना पड़ता है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर संवेदनशील नहीं दिख रहा है। गांव के गरीब परिवार पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जनआंदोलन और प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की मांग बढ़ जाती है, ऐसे समय में नल-जल योजना बंद होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। बिजली विभाग से मांग की है कि टूटे हुए विद्युत खंभों को तत्काल बदला जाए और नल-जल योजना को शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि गांववासियों को पेयजल संकट से राहत मिल सके।

### समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

कई ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जनआंदोलन और प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की मांग बढ़ जाती है, ऐसे समय में नल-जल योजना बंद होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। बिजली विभाग से मांग की है कि टूटे हुए विद्युत खंभों को तत्काल बदला जाए और नल-जल योजना को शीघ्र चालू कराया जाए, ताकि गांववासियों को पेयजल संकट से राहत मिल सके। गांव के गरीब परिवार पानी जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### ग्रामीणों में देखा जा रहा आक्रोश

पंचायत किटाखेरा-गांधीग्राम में नल-जल योजना पिछले करीब एक माह से बंद पड़ी हुई है। योजना की विद्युत सप्लाई बाधित होने से पूरे गांव में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली लाइन के खंभे टूट जाने के कारण मोटर और पंप चालू नहीं हो पा रहे हैं, जिससे गांव के घरों तक पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो गई है।ग्रामीणों के अनुसार उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों, जूनियर इंजीनियर और पंचायत प्रतिनिधियों को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## एक नजर में

### खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**खरीफ फसलों की बोनी की तैयारी हेतु प्रदेश में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान स्थिति में लगभग 6.40 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 1.57 लाख मेट्रिक टन डीएपी, 3.56 लाख मेट्रिक टन एनपीके इस प्रकार 5.13 लाख मेट्रिक टन डीएपीएनपीके तथा 3.50 लाख मेट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है।**

विषम वैश्विक परिस्थितियों के उपरांत भी भारत सरकार द्वारा प्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ति निर्बाध तथा तय कार्यक्रम अनुसार निरंतर की जा रही है। जिला में वर्तमान स्थिति में कुल 2022.505 मेट्रिक टन, उर्वरक उपलब्ध है। जिले में उक्त उपलब्ध खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रवार, निजी दुकानवार ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध है। किसान भाइयों से अनुरोध है कि आप अपनी आवश्यकतानुसार खाद अपनी सोसायटी, मन पसंद दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर अपने खाद को उठा सकते हैं। ई-विकास प्रणाली में राजस्व पट्टाधारी, वन पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम किसान, वृद्ध किसान, मृतक किसान के वारिसान को, धार्मिक संस्थान, ट्रस्ट, आदि की जमीन के लिए खाद उपलब्ध कराने हेतु सुविधा दी गयी है।

## पात्र में जल भरकर प्रतिमा को अर्पित



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**सुभाष पुरम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर में नव निर्मित हनुमान जी महाराज के मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को हनुमान प्रतिमा का सहस्त्रधारा स्नान कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए हजार छिद्र वाले पात्र में जल भरकर प्रतिमा पर अर्पित किया।**

शनिवार दोपहर में प्रतिमा का शय्याधिवास कराया गया, जिसके बाद शाम को प्रतिमा का नगर भ्रमण होगा। यह प्राण प्रतिष्ठा समारोह 6 मई को शुरू हुआ था और 11 मई तक चलेगा। आयोजन समिति के अनुसार, बनारस से आए पंडित रामानंद महाराज प्रतिष्ठाचार्य के रूप में सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं।पंडित विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि पंडित शिवकुमार अग्निहोत्री, पंडित जयराम चतुर्वेदी, मयंक मिश्रा, संस्कार शुक्ला और ज्ञान पुरोहित भी यज्ञ अनुष्ठान में सहयोग कर रहे हैं।समारोह के मुख्य यजमान उमाशंकर मिश्रा ने जानकारी दी कि 10 मई को हनुमान जी महाराज की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा और यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी। इसके बाद 11 मई को कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस मंदिर में पहले से ही शिव परिवार, राधा कृष्ण और देवी मां की प्रतिमाएं स्थापित हैं। अब हनुमान जी महाराज की प्रतिमा की स्थापना के साथ मंदिर का निर्माण कार्य भी पूर्ण हुआ है। सहस्त्रधारा स्नान के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नगर परिषद ने कराया शीतल आश्रय का निर्माण कार्य

**नवभारत न्यूज, पलेरा।**
**भीषण गर्मी के बीच नगर परिषद पलेरा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जन शीतल आश्रय का निर्माण कर मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी सराहनीय पहल की गई है। टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा जन शीतल आश्रय का अवलोकन किया।**

जिले का यह तीसरा जन शीतल आश्रय बताया जा रहा है, जहां मरीजों के साथ आने वाले परिचारकों एवं परिजनों के लिए ठंडे, स्वच्छ और आरामदायक वातावरण में बैठने व विश्राम की व्यवस्था की गई है।पहले लोगों को तपते टीन शेड और खुले स्थानों में घंटों बैठना पड़ता था, जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब इस नई व्यवस्था से अस्पताल आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। उपचार प्रक्रिया के दौरान लंबे समय तक अस्पताल में रुकने वाले मरीजों के परिजनों के लिए यह जन शीतल आश्रय बेहद उपयोगी साबित होगा। नगर परिषद पलेरा की इस जनहितकारी



पहल की क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है। इस अवसर पर पलेरा तहसीलदार कुलदीप सिंह ठाकुर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ मौजूद रहा।

## ग्रीष्मकालीन फसलों का अवलोकन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**किसान कल्याण तथा कृषि विभाग जिला के उप संचालक मनोज कश्यप द्वारा गुरूवार को राष्ट्रीय तिलहन मिशन अंतर्गत कृषकों को उपलब्ध कराए गए ग्रीष्मकालीन मूंगफली प्रदर्शनों का भी अवलोकन किया गया।**

इस दौरान ग्राम रिगोरा के कृषक सोवरन आदिवासी द्वारा 1.0 हेक्टेयर क्षेत्र में तथा ग्राम प्रेमपुरा के कृषक मूलचंद्र अहिरवार द्वारा 0.6 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाए गए ग्रीष्मकालीन मूंगफली प्रदर्शनों का निरीक्षण किया गया।

# नपा ने जनगणना कार्य में उपलब्धि की हासिल

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में चल रहे नगरपालिका परिषद अंतर्गत मकान जनगणना कार्य में ब्लॉक ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा जब औचक निरीक्षण किया गया, तब प्रगणक असित शर्मा माध्यमिक शिक्षक एस्ट्रो टर्फ क्षेत्र में मकान जनगणना का अंतिम कार्य करते हुए पाए गए।**

सीएमओ को कार्य की प्रगति पर हुई चर्चा में प्रगणक शर्मा ने बताया कि उनका कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है और केवल अंतिम



डेटा सिंक करना शेष है। इस पर ओमपाल सिंह भदौरिया एवं जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता ने नगरपालिका क्षेत्र में सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने पर प्रगणक असित शर्मा की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर सुपरवाइज़र डॉ. मुकेश तिवारी, प्रवीण खरे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। भारत में जनगणना 2026-27 के प्रथम चरण के रूप में 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक देशभर में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य आयोजित किया जा रहा है।

## आवासीय प्रशिक्षण में युवा होंगे शामिल

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़।**
**मध्यप्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों,पुलिस,होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से बेहतर अवसर की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा एक नवीन योजना अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 तैयार की गई है।**

मध्यप्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग युवाओं में राष्ट्र प्रेम की भावना, अनुशासन एवं कर्तव्य बोध विकसित करते हुए प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# अस्पताल के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल प्रारंभ

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**जिला अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अस्पताल चौराहे पर धरना दे रहे हैं। हड़ताल के कारण अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है।**

मध्य प्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत के जिला अध्यक्ष साहिल वाल्मीकि ने बताया कि अस्पताल की सफाई व्यवस्था ठेके पर संचालित होती है। हाल ही में ठेका बदलने के बाद नए ठेकेदार ने कर्मचारियों को कलेक्टर दर से वेतन देने से इनकार कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें केवल 9 हजार रुपये प्रतिमाह देने की बात कही जा रही है।कर्मचारियों ने बताया कि वे कई वर्षों से अस्पताल में काम कर रहे हैं, लेकिन हर साल वेतन वृद्धि और ईपीएफ से जुड़ी परेशानियां




बनी रहती हैं। उनका आरोप है कि वेतन कम मिलता है और समय पर भुगतान भी नहीं होता।कर्मचारियों ने कलेक्टर दर पर वेतन, महीने में चार छुट्टियां और मौसम के अनुसार ड्रेस देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि 'एक घर से एक व्यक्ति' का नियम पुराने कर्मचारियों पर लागू न किया जाए और बिना नोटिस किसी को नौकरी से न हटाया जाए।कर्मचारियों का कहना है कि कम वेतन में परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने तक हड़ताल जारी रहेगी। जिला अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अस्पताल चौराहे पर धरना दे रहे हैं। हड़ताल के कारण अस्पताल की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है।

# कांग्रेस पार्टी की इंदिरा ज्योति अभियान यात्रा शुरू

**कांग्रेसियों ने भाजपा सरकार पर लगाए आरोप**

**यात्रा बुंदेलखंड के सभी जिलों में करेगी भ्रमण**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**कांग्रेस पार्टी की इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान यात्रा टीकमगढ़ पहुंची। अभियान प्रमुख भास्कर राव रोकड़े ने रात 8.30 बजे सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सरकार पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया।**

भास्कर राव रोकड़े ने कहा कि केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने की अधिसूचना जारी करना इंदिरा गांधी के खिलाफ एक सुनियोजित दुष्प्रचार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा इस तरह के आयोजनों के माध्यम



से पूर्व प्रधानमंत्री के क्रांतिकारी निर्णयों और उनके कार्यों को गलत तरीके से पेश कर जनता को गुमराह कर रही है।अभियान प्रमुख ने बताया कि इंदिरा ज्योति यात्रा और चलें रामराज्य की ओर संकल्प यात्रा बुंदेलखंड के सभी जिलों का भ्रमण करेगी। यह चार वर्षीय अभियान मध्य प्रदेश के साथ-साथ छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी चलाया जा रहा है। इसका मुख्य लक्ष्य महात्मा गांधी की रामराज्य की अवधारणा को स्थापित करना और इंदिरा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। सम्यक अभियान के तहत शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने, निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को शोषण से बचाने, आउटसोर्सिंग प्रथा को बंद करने और किसानों के लिए नई कृषि व्यवस्था लागू करने जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी जा रही है।रोकड़े ने बताया कि टीकमगढ़ जिले में भी जल्द ही जिला स्तरीय यात्रा शुरू की जाएगी ताकि सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना के संकल्प को पूरा किया जा सके। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनीश खान, राजीव जैन और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी यात्रा के उद्देश्यों का समर्थन किया।कांग्रेस पार्टी की इंदिरा ज्योति सम्यक अभियान यात्रा टीकमगढ़ पहुंची। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा सरकार पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया।

इस पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस की प्रदेश महासचिव किरण अहिरवार, जिलाध्यक्ष नवीन साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष गौरव शर्मा सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। नेताओं ने दावा किया कि इस अभियान में सभी वर्गों और समुदायों की सहभागिता तय की जाएगी।

**कार्यक्रम** ▶ **कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान**

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वृन्दावन तालाब की सफाई

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़।**
**जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर के वृन्दावन तालाब पर श्रीमती सरोज राजपूत, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा,नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे, अन्य जनप्रतिनिधिगण , कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा श्रमदान कर तालाब के घाटों की साफ सफाई की गई।**

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं नगर पालिका टीकमगढ़ प्रशासक श्रीमती अंजली शर्मा, सीएमओ टीकमगढ़ ओमपाल सिंह भदौरिया, पार्षदगण तथा संबंधित अधिकारी तथा नगरीय निकाय के कर्मचारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।नगर में जल संरक्षण और तालाबों के संवर्धन को लेकर चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शनिवार को



वृंदावन तालाब परिसर में विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, नगर पालिका कर्मचारियों एवं सामाजिक लोगों ने मिलकर तालाब के घाटों की साफ-सफाई कर स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान तालाब क्षेत्र में फैली गंदगी, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाया गया। घाटों की सफाई के साथ-साथ लोगों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि जल स्रोतों को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल संरक्षण का महत्व और अधिक बढ़ जाता है, इसलिए तालाबों, कुओं और अन्य जल स्रोतों को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं नगर पालिका टीकमगढ़ की प्रशासक अंजली शर्मा, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, नगर पालिका के पार्षदगण, संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नगरीय निकाय के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने नगर के जल स्रोतों को स्वच्छ और संरक्षित रखने का संकल्प लिया। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि वे तालाबों एवं सार्वजनिक जल स्रोतों में गंदगी न फैलाएं और जल संरक्षण अभियान में सहभागी बनें।जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर के वृन्दावन तालाब पर श्रीमती सरोज राजपूत, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा,नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अभिषेक खरे, अन्य जनप्रतिनिधिगण , कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा श्रमदान कर तालाब के घाटों की साफ सफाई की गई।

### हटाई गई अपशिष्ट सामग्री

इस दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, नगर पालिका कर्मचारियों एवं सामाजिक लोगों ने मिलकर तालाब के घाटों की साफ-सफाई कर स्वच्छता और जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान तालाब क्षेत्र में फैली गंदगी, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाया गया।

## राज्य अतिथि का दर्जा प्राप्त पटेल प्रवास पर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।**
**हार्टफुलनेस ध्यान संस्थान के वैश्विक गुरू परम पूज्य दाजी कमलेश डी. पटेल भारत शासन द्वारा पदम् विभूषण प्राप्त जिन्हें मप्र शासन द्वारा भी राज्य अतिथि का दर्जा प्राप्त प्राप्त है, वे 9 मई 2025 को प्रवास पर आई। पूज्य दाजी द्वारा विष्व के 166 से अधिक देशों में नि:शुल्क ध्यान कराकर उनकी आध्यात्मिक उन्नति एवं तनाव प्रबंधन के लिए काम कर रहे हैं। पूज्य दाजी 9 मई 2026 को सांय 6 बजे टीकमगढ़ प्रवास पर रही तथा वे 10 मई 2026 को अपरांह 3 बजे तक में रहेंगे।**

हार्टफुलनेस केन्द्र समन्वयक नितिन बबेले, एवं हर दिन ध्यान, हर दिन ध्यान जिला प्रभारी जी.आर. प्रजापति ने बताया कि पूज्य दाजी साहब में 10 मइको सुबह 6 बजे से कृषि महाविद्यालय कुण्डेश्वर रोड में 400 से अधिक हार्टफुलनेस ध्यान के अभ्यासियों को ध्यान करायेंगे।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज, जतारा।**
**अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के तहत समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुए अवैध हथियार रखने एवं उपयोग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।**

इसीक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में चौकी जेवर थाना चंदेरा पुलिस द्वारा दो अलग-अलग कार्रवाइयों में अवैध हथियारों सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। चौकी जेवर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम विशानपुरा रविदास मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ मौजूद है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी यशपाल उर्फ बाली यादव पिता राघवेन्द्र यादव उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम जेवर थाना चंदेरा को गिरफ्तार किया। उक्त मामले में थाना चंदेरा में अपराध क्रमांक 120/2026 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार चौकी जेवर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जाटोलियन खिरक, महेबा चक्र-3 के पास लिधौरा-कटेरा रोड पर एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ मौजूद है।

सूचना पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपक रैकवार पिता कल्लू रैकवार उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बानिया खिरक, महेबा चक्र-3 थाना चंदेरा को गिरफ्तार किया गया।अवैध हथियार रखने एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।